# राष्ट्रीय सेवा योजना

## शासकीय राजमोहिनी देवी कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय अम्बिकापुर

### संत गहिरा गुरू विश्वविद्यालय

## वार्षिक प्रतिवेदन

## 2020-21







# कोविड 19 के बचाव हेतु एन.एस.एस. स्वयंसेवकों द्वारा मास्क वितरण

शासकीय राजमोहिनी देवी कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय अम्बिकापुर के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा कोविड महामारी के बचाव हेतु लोगों को जागरूक करने का प्रयास किया गया। जिसमे अंतर्गत एन.एस.एस. छात्रों में ग्रामीण क्षेत्रों में मास्क की उपयोगिता बताते हुए निःशुल्क मास्क का वितरण 02.06.2020 से किया गया। निश्चित ही यह कार्य एन.एस.एस. के उद्देश्यों को पूरा करने में एक साकारात्मक उदाहरण है।











# कोविड जागरूकता हेतु एन.एस.एस. के स्वयंसेवकों द्वारा गांव मुहल्ले में स्लोगन दीवार लेखन कार्य 03.06.2020

राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा कोविड 19 बचाव एवं जागरूकता हेतु स्वयंसेवकों के द्वारा ग्रामीण ईलाकों के चौक–चौराहों एवं दीवारों पर बचाव व सावधानी रखने से संबंधित स्लोगन का लेखन 03.06.2020 को किया गया। यह कार्य सभी स्वयंसेवकों के द्वारा अपने–अपने क्षेत्रों में लोगों को जागरूक करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।


















# एन.एस.एस. के स्वयंसेवकों द्वारा अपने निवास क्षेत्रों में वृक्षारोपण

शासकीय राजमोहिनी देवी कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय अम्बिकापुर राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा दिनांक 05.06.2020 को वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसके अंतर्गत स्वयंसेवकों के द्वारा अपने–अपने निवास क्षेत्रों में वृक्षारोपण किया गया।

















# कोविड महामारी अवधि में जरूरतमंद को खाद्यान्न वितरण

कोविड महामारी के समय राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों द्वारा स्थानीय क्षेत्रों में ग्रामीण स्तर पर जरूरतमंदों को स्वपहल से यथा संभव खाद्यान्न का वितरण किया गया।









# अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर योगाभ्यास

21 जून अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा योगाभ्यास किया गया। एन.एस.एस. छात्रों के अपने–अपने निवास स्थान पर योगाभ्यास किया गया साथ ही दूसरों को भी योगाभ्यास कराया।











# गांधी जयंती पर ऑनलाईन चित्रकला प्रतियोगिता

शासकीय राजमोहिनी देवी कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय अम्बिकापुर राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा गांधी जयंती के अवसर पर 02 अक्टूबर को ऑनलाईन चित्रकला, नारा लेखन, एवं कविता प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें छात्रों द्वारा गांधी जी के विचारों व उनके संदेशों पर आधारित विभिन्न प्रकार के चित्र आरेख बनाकर चित्रकला प्रतियोगिता में बढ़ चढ़ हिस्सा लिया। प्रतियोगिता में प्रथम से तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्रों को प्रमाण पत्र भी प्रदान किया गया।















# प्रतियोगिता में छात्रों द्वारा प्रदर्शन




















## प्रतियोगिता में छात्रों द्वारा प्रदर्शन


शासकीय राजमोहिनी देवी कन्या महाविद्यालय
अम्बिकापुर,सरगुजा (छ.ग.)

E:\MAMTA NSS\certificate\certificate 02.jpg

# प्रमाण पत्र

प्रमाणित किया जाता है कि कुमारी **REKHA PAINKRA** कक्षा **MHSc. II Sem** ने शासकीय राजमोहिनी देवी कन्या महाविद्यालय अम्बिकापुर, सरगुजा द्वारा राष्ट्रीय सेवा योजना अंतर्गत गांधी जयंती के अवसर पर 02 अक्टूबर 2020 को आयोजित **Painting** प्रतियोगिता में भाग लिया। हम इनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हैं।

(ममता दिव्य)
कार्यक्रम अधिकारी
शास.रा.दे.कन्या.महा. अम्बिकापुर

( डॉ. ज्योति सिन्हा)
प्राचार्य
शास.रा.दे.कन्या.महा. अम्बिकापुर















# कोविड 19 जागरूकता कार्यशाला व शपथ

राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के द्वारा कोविड 19 बचाव हेतु जागरूकता कार्यशाला व शपथ का आयोजन दिनांक 08.10.2020 को किया गया। जिसके अंतर्गत एन.एस.एस. छात्रों द्वारा जागरूकता शपथ लिया गया। साथ ही लोगों को जागरूक करने हेतु संकल्प लिये। इस हेतु लोगों को भी जागरूक करने का प्रयास स्वयंसेवकों के द्वारा किया गया।








14 नईदुनिया
बिलासपुर, शनिवार 06 मा

न्यूज गैलरी

**कोविड से बचने सजग रहने की जरूरत**

अंबिकापुर। कार्यक्रम को संबोधित करती वक्ता • नईदुनिया

**अंबिकापुर।** शासकीय राजमोहिनी देवी कन्या महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वावधान में उन्मुखीकरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्य वक्ता के रूप में डा.एजेन टोप्पो ने राष्ट्रीय सेवा योजना के उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए राष्ट्र के निर्माण में युवाओं की भूमिका पर व्याख्यान दिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए डा. अलका जैन ने कोविड 19 के विनाशक चरित्र के बारे में जानकारी देते हुए समाज को सजग रहने का संदेश दिया। कार्यक्रम अधिकारी ममता दिव्य ने अतिथियों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर महाविद्यालय की प्राचार्य डा. ज्योति सिन्हा, स्वयंसेवी छात्राएं एवं प्राध्यापकगण उपस्थित थे। -नईदुनिया न्यूज







# कोविड 19 बचाव हेतु ऑनलाईन प्रतियोगिता का आयोजन

राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा कोविड जागरूकता अंतर्गत ऑनलाईन चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिमसे एन.एस.एस. छात्रों के साथ–साथ महाविद्यालयीन छात्रों द्वारा भी उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया।
















# एन.एस.एस. के स्वयंसेवकों द्वारा ग्रामीण मितानिनों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता

स्वच्छता अभियान के तहत् एन.एस.एस. छात्रों द्वारा ग्रामीण मितानिनों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से दिनांक 09.10.2020 को हाथ धुलाई के तरीके के बारे में बताया गया। साथ ही लोगों को स्वास्थ्य व स्वच्छता के प्रति लोगों को जागरूक करने हेतु मितानिनों से अपील की गई।








# कोविड अवधि में ब्लू ब्रिगेड एन.एस.एस. के तहत् स्वयंसेवकों द्वारा ग्रामीण बच्चों को शिक्षा दी गई

कोविड महामारी के कारण शैक्षणिक संस्थाए बंद होने के कारण स्कूली बच्चों को शिक्षा से जोड़े रखने के उद्देश्य से राष्ट्रीय सेवा योजना एवं ब्लू ब्रिगेड एन.एस.एस. के स्वयंसेवकों द्वारा स्थानीय स्तर पर ग्रामीण बच्चों को अध्यापन कार्य 10.11.2020 से 10.02.2021 के मध्य कराया गया। जिसमें एन.एस.एस. छात्रों द्वारा सराहनीय कार्य किया गया। निश्चित ही यह कार्य बच्चों को शिक्षा के प्रति जोड़े रखने में महत्वपूर्ण साबित रहा।














# एन.एस.एस. स्वयंसेवकों द्वारा स्कूली बच्चों को अध्यापन कराते हुए




















**एन.एस.एस. स्वयंसेवकों द्वारा स्कूली बच्चों को अध्यापन कराते हुए**








## एन.एस.एस. स्वयंसेवकों द्वारा स्कूली बच्चों को अध्यापन कराते हुए


















## एन.एस.एस. स्वयंसेवकों द्वारा स्कूली बच्चों को अध्यापन कराते हुए










# एन.एस.एस. स्वयंसेवकों द्वारा स्कूली बच्चों को अध्यापन कराते हुए



















# उत्कृष्ठ स्वयंसेवकों को ब्लू ब्रिगेड जैकेट का वितरण

कोविड महामारी के दौरान स्कूली बच्चों को अध्यापन कराने व कोविड टीकारण कार्य में उत्कृष्ट कार्य करने वाले एन.एस.एस. स्वयंसेवकों को ब्लू ब्रिगेड युनिसेफ द्वारा जैकेट प्रदाय किया गया। जैकेट का वितरण प्राचार्य डॉ. ज्योति सिन्हा द्वारा किया गया।







# कोविड टीकाकरण में सहयोग

राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों के द्वारा स्थानीय स्तर पर विभिन्न टीकाकरण केन्द्रों में कोविड टीका लगाने में स्वास्थ्य कर्मियों के साथ सहयोग किया गया। साथ ही लोगों के कोविड टीकाकरण के प्रति जागरूकता लाने का कार्य भी अपने–अपने निवास क्षेत्रों में किया गया।














# यूनिसेफ ब्लू ब्रिगेड एन.एस.एस. टीम द्वारा असोला ग्राम में एकदिवसीय शिविर

युनिसेफ ब्लू ब्रिगेड एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वाधान में अम्बिकापुर विकासखण्ड के ग्राम असोला में 22.12.2020 को एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें गर्ल्स कालेज के एन.एस.एस. स्वयंसेवकों द्वारा भी सहयोग किया गया।

शिविर में ग्रामीण बच्चों की शिक्षा, स्वास्थ्य, महिलाओं के सुरक्षित प्रसव, पोषण आहार को लेकर शैक्षिक जागरूकता अभियान चलाया गया। इसके साथ ही कोविड से बचाव के प्रति भी लोगों को जागरूक किया गया।



















# पल्स पोलियो अभियान में स्वयंसेवकों का सहयोग

राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों के द्वारा पल्स पोलियों अभियान के तहत् बच्चों को पोलियो ड्रॉप पिलाये जाने में स्वास्थ्य कर्मियों के साथ स्वयंसेवक अपने अपने निवास क्षेत्रों में सहयोग किया।









# स्वामी विवेकानंद जयंती मनाया गया

12 जनवरी 2021 को स्वामी विवेकानंद जयंती पर शासकीय राजमोहिनी देवी कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय अम्बिकापुर में प्राचार्य की उपस्थिति में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें महाविद्यालीयन कर्मचारी अधिकारीगण उपस्थित रहे। स्वामी विवेकानंद जी के आदर्शों पर चलने व उनके उपदेशों के संबंध में चर्चा की गई।







# राष्ट्रीय सेवा योजना एवं ब्लू ब्रिगेड (युनिसेफ छ.ग.) का अवलोकन

राष्ट्रीय सेवा योजना एवं ब्लू ब्रिगेड (युनिसेफ छ.ग.) के तहत् आयोजित गतिविधियों की समीक्षा व अवलोकन युनिसेफ के चीफ श्री जॉब जकारिया एवं युनिसेफ राज्य नोडल अधिकारी डॉ. नीता बाजपेयी द्वारा स्थानीय बौरीपारा वार्ड, अम्बिकापुर में 29.01.2021 को किया गया। जिसमें राजमोहिनी देवी कन्या महाविद्यालय के एन.एस.एस. इकाई द्वारा भी सहभागिता की गई। राष्ट्रीय सेवा योजना एवं ब्लू ब्रिगेड के द्वारा की जा रही विभिन्न कार्यों की जानकारी के संबंध में आवश्यक सुझाव दिया गया।












## एन.एस.एस. स्वयंसेवकों का उन्मुखीकरण

शासकीय राजमोहिनी देवी कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय अम्बिकापुर के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के स्वयंसेवकों का उन्मुखीकरण कार्यक्रम का आयोजन 04.03.2021 किया गया। डॉ. एजेन टोप्पो एवं डॉ. जे.जे. गुप्ता की उपस्थिति में स्वयंसेवकों को एन.एस.एस. के कार्यो व उद्देश्यों पर विस्तृत जानकारी प्रदाय की गई।






# पोषण आहार विषय पर सेमीनार

04 मार्च 2021 को राष्ट्रीय सेवा योजना अंतर्गत पोषण आहार विषय पर सेमिनार का आयोजन शासकीय राजमोहिनी देवी कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय अम्बिकापुर में किया गया। जिमसें डॉ. एजेन टोप्पो एवं डॉ. अल्का जैन के द्वारा छात्रों को पोषण आहार के बारे में जानकारी दी गई व उन्हे जागरूक किया गया।






# अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस का आयोजन

राष्ट्रीय सेवा योजना अंतर्गत 08 मार्च 2021 को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें डॉ. विश्वासी एक्का, डॉ. एजेन टोप्पो एवं डॉ. जे.जे. गुप्ता की उपस्थिति में कार्यक्रम का आयोजन सफलतापूर्वक किया गया। कार्यक्रम में महिलाओं की भूमिका व महिलाओं की सफलता की प्रेरणा से छात्रों को अवगत कराया गया।









# पोषण आहार पखवाड़ा जागरूकता हेतु गांवों में स्लोगन दीवार लेखन

शासकीय राजमोहिनी देवी कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय अम्बिकापुर के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई अंतर्गत 16.03.2021 से 31.03.2021 तक पोषण आहार पखवाड़ा मनाया गया। जिसमें पोषण आहार की उपयोगिता विषय पर नारा लेखन, श्लोगन लेखन किया जाकर ग्रामीण स्तर पर लोगों को जागरूक करने का उद्देश्य रखा गया। जिसके तहत् एन.एस.एस. छात्रों द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में चौक चौराहो एवं घरों की दीवारों पर पोषण आहार की उपयोगिता से संबंधित नारे एवं श्लोगन का लेखन किया गया। साथ ही ग्रामीण लोगों में ग्राम पंचायत स्तर पर बैठक के माध्यम से पोषण आहार के प्रति जागरूक किया गया।













सुपोषण के लिए छात्राओं ने जगाई अलख, दी जानकारी

अंबिकापुर। दीवार लेखन में जुटी छात्रा ● नईदुनिया

**अंबिकापुर (नईदुनिया प्रतिनिधि)।** शासकीय राजमोहिनी देवी कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय अंबिकापुर की प्राचार्य डा. ज्योति सिन्हा एवं राष्ट्रीय सेवा योजना की कार्यक्रम अधिकारी ममता दिव्य के मार्गदर्श में राष्ट्रीय सेवा योजना से जुड़ी छात्राओं ने पोषण पखवाड़ा के तहत ग्रामीण क्षेत्रों में सुपोषण को बढ़ावा देने के लिए लोगों को जागरूक किया। छात्राओं ने अपने गांव में जनसंपर्क कर लोगों को सुपोषण की जानकारी दी। पोस्टर के माध्यम से कुपोषण को दूर करने के तरीके और सुपोषण के लाभ से अवगत कराया। दीवार लेखन के माध्यम से स्वस्थ जीवन एवं सही पोषक तत्व, आहार के प्रति जनजागरूकता लाने का प्रयास किया। ग्रामीण क्षेत्रों में छात्राओं ने संदेश दिया कि स्वस्थ जीवन का आधार पौष्टिक भोजन और सही आहार है। इसके लिए समाज के सभी वर्ग के लोगों को आगे आने की जरूरत है।



# राष्ट्रीय सेवा योजना

## शासकीय राजमोहिनी देवी कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय अम्बिकापुर